# कार्यालय वन वृत्त शहडोल-484001 (मध्यप्रदेश)

PHONE-245361 FAX-240189 E_MAIL- ccf.sdl@mp.gov.in

क्रमांक/माचि/2023/ 135 शहडोल, दिनांक 09-1-2023.

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक,
(भू–प्रबंध)
म.प्र. भोपाल

**विषय – शहडोल एवं उमरिया जिले के शाहपुर पश्चिम कोल माइन्स हेतु प्रस्तावित कुल रकवा 619.000 हे.भूमि में से शहडोल जिले में 15.549 हे. राजस्व वनभूमि एवं उमरिया जिले में 46.488 हे. वनभूमि (आरक्षित वन भूमि 34.240 हे. एवं संरक्षित वनभूमि 12.248 हे.) एवं राजस्व वनभूमि 18.553 हे. में भूमिगत पद्धति से कोयला खनन् अनुमति हेतु सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड रायपुर (छ.ग.) को उपयोग पर देने बावत् । ऑनलाईन प्रकरण क्रमांक FP/MP/MIN/151378/2022.**

**संदर्भ – 1. वमंअ दक्षिण शहडोल का पत्र क्रमांक/माचि./33 दिनांक 04.01.2023.**
**2. वमंअ उमरिया का पत्र क्रमांक/1888 दिनांक 02.09.2022.**

-☆☆☆-

विषयान्तर्गत निवेदन है कि मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड द्वारा शहडोल एवं उमरिया जिले के अंतर्गत प्रस्तावित कुल 619.000 हे. भूमि में से शहडोल जिले के दक्षिण वनमंडल शहडोल के अन्तर्गत 15.549 हे. राजस्व वनभूमि तथा उमरिया जिले के वनमंडल उमरिया के अंतर्गत 46.488 हे. वनभूमि (आरक्षित वन भूमि 34.240 हे. एवं संरक्षित वनभूमि 12.248 हे.) एवं राजस्व वनभूमि 18.553 हे. में भूमिगत पद्धति से कोयला उत्खनन् हेतु उपयोग की अनुमति के लिये वन संरक्षण अधिनियम के तहत परिवेश पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्ताव का विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर संदर्भित पत्रों से प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्न है –

| क्र. | जिला | वनमंडल | परिक्षेत्र | कक्ष क्रमांक | प्रस्तावित क्षेत्र (हे.में) | राजस्व वनभूमि (हे.में) | राजस्व भूमि (हे.में) | कुल भूमि (हे.में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहडोल | दक्षिण शहडोल | शहडोल | – | – | 15.549 | 230.074 | 245.623 | – |
| 2 | उमरिया | उमरिया | घुनघुटी | RF 227<br>PF 27 | 34.240<br>12.248 | 18.553 | 308.336 | 373.377 | – |
| | | | | **Total** | **46.488** | **34.102** | **538.410** | **619.000** | |

मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स द्वारा शहडोल जिले के दक्षिण वनमंडल शहडोल के परिक्षेत्र शहडोल के ग्राम खम्हरियाकला एवं कठौतिया के अंतर्गत 15.549 हे. राजस्व वनभूमि भूमिगत कोयला उत्खनन् हेतु प्रस्तावित की गयी है। वनमंडलाधिकारी दक्षिण शहडोल द्वारा प्रस्तावित राजस्व वनभूमि 15.549 हे. ऊर्जा की आवश्यता को दृष्टिगत रखते हुये व्यपवर्तन की अनुशंसा की है।

—2—

मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स द्वारा उमरिया जिले के वनमंडल उमरिया के परिक्षेत्र घुनघुटी के अंतर्गत 46.488 हे. वनभूमि (आरक्षित वन भूमि 34.240 हे. एवं संरक्षित वनभूमि 12.248 हे.) एवं राजस्व वनभूमि 18.553 हे. में भूमिगत पद्धति से कोयला उत्खनन् हेतु प्रस्तावित है। वनमंडलाधिकारी उमरिया द्वारा प्रस्तावित परियोजना से खनिज कोयला की अपूर्ति एवं स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार की उपलब्धता होगी तथा वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण संबंधित शर्तों के अधीन स्वीकृत दिये जाने की अनुशंसा की है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में प्रस्ताव में भाग-3 की कार्यवाही पूर्ण कर आगामी कार्यवाही हेतु प्रस्ताव ऑन लाईन एवं हार्डकॉपी में 3-3 प्रतियों में संलग्न सम्प्रेषित है।

संलग्न- उपरोक्तानुसार।

(एल.एल.उइके)
मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)

पृ.क्रमांक/माचि/2023/ 136 शहडोल, दिनांक 09-1-2023.

प्रतिलिपि-

1. वनमंडलाधिकारी, वनमंडल दक्षिण शहडोल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. वनमंडलाधिकारी, वनमंडल उमरिया की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड रायपुर (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)

## भाग - III
## संबंधित मुख्य वन संरक्षक द्वारा भरा जाना है

| | | |
|---|---|---|
| 14 | स्थल जहाँ की वनभूमि शामिल की गई है क्या इसका संबंधित वन संरक्षक ने निरीक्षण किया है (हॉ/नहीं) यदि हॉ तो निरीक्षण की तारीख और किये गये प्रेक्षणों को, निरीक्षण नोट के रूप में संलग्न करें। | आवेदित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 06.01.2023 को किया गया। निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक से संलग्न है। |
| 15 | क्या वन संरक्षक उप वन संरक्षक के अभिमत से सहमत हैं। यदि नहीं तो उसका कारण दें। | सहमत। |
| 16 | प्रस्ताव की स्वीकृति या अन्यथा के बारे में विस्तृत कारणों के साथ अभिमत। | मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स द्वारा शहडोल जिले के दक्षिण वनमंडल शहडोल के परिक्षेत्र शहडोल के अन्तर्गत ग्राम खम्हरियाकला एवं कठौतिया के अंतर्गत 15.549 हे. राजस्व वनभूमि में भूमिगत कोयला उत्खनन् हेतु प्रस्तावित की गयी है। वनमंडलाधिकारी दक्षिण वनमंडल शहडोल ने प्रस्तावित राजस्व वनभूमि 15.549 हे. ऊर्जा की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये व्यपवर्तन की अनुशंसा की है।<br>मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स द्वारा इसी परियोजना में शामिल उमरिया जिले के वनमंडल उमरिया के अंतर्गत 46.488 हे. वनभूमि (आरक्षित वनभूमि 34.240 हे. एवं संरक्षित वनभूमि 12.248 हे. तथा 18.553 हे.) राजस्व वनभूमि कुल 65.041 हे. वनभूमि में भूमिगत कोयला उत्खनन् हेतु प्रस्तावित की गयी है। वनमंडलाधिकारी उमरिया द्वारा प्रस्तावित परियोजना से खनिज कोयला की आपूर्ति स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार की उपलब्धता होगी तथा परियोजना राष्ट्रीय विकास हित में है। वनमंडलाधिकारी वनमंडल उमरिया ने वन एवं वन्य जीवों के सरंक्षण संबंधी शर्तो के आधीन व्यपवर्तन की अनुशंसा की है।<br>इस कार्यालय द्वारा उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में वनभूमि व्यपवर्तन किये जाने की अनुशंसा की जाती है। |

**तिथि :** 09/01/2023
**स्थान : शहडोल (म.प्र.)**

(एल.एल.उइके)
मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त शहडोल (म०प्र०)